# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 17.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मंत्रिमंडल

प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेंहू, मक्की, जौ, हल्दी और अदरक के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ौतरी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए उद्योग व संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर विशेष बल दे रही है।

मंत्रिमंडल ने पुलिस विभाग में एक हजार पुलिस कांस्टेबल के पद सृजित कर इन्हें भरने को मंजूरी दी। इनमें से 30 फीसदी पद महिला पुलिस जवानों के लिए आरक्षित रहेंगे। इसके अलावा अग्निशमन विभाग में असिस्टेंट फायर गार्ड के 5 सौ पदों को भरने की मंजूरी भी दी गई। मंत्रिमंडल ने मैडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर करने के लिए आईजीएमसी और टांडा को छोड़कर प्रदेश के अन्य चार मैडिकल कॉलेजों में सेवानिवृत मैडिकल प्रोफेसरों को हायर करने को भी स्वीकृति दी। बैठक में सेवानिवृत नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारियों को निश्चित मानदेय पर पुर्ननियुक्ति देने का निर्णय भी लिया गया।

लोकसभा चर्चा

लोकसभा में आज संविधान एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक 2026 पर चर्चा पुनः शुरू हुई। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की लोकतांत्रिक यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक कदम है। कुल्लू में आज नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि ये निर्णय न केवल महिलाओं को सामाजिक व राजनीतिक रूप से सशक्त बनाएगा बल्कि राष्ट्र की निर्णय प्रक्रिया में उनकी समान और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकसभा और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के संवैधानिक प्रावधान से उनके बुनियादी अधिकारों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की।

माकपा

चेस्टर हिल मामले को लेकर माकपा ने प्रदेश सरकार से कार्यकारी मुख्य सचिव संजय गुप्ता को तुरंत पद से हटाने की मांग दोहराई है। सीपीआईएम के राज्य सचिव संजय चौहान ने आज शिमला में कहा कि मुख्यमंत्री जीरो टॉलरेंस टू करप्शन की बात करते हैं, लेकिन मुख्य सचिव पर लगे आरोपों पर मंत्रियों सहित पूरी सरकार खामोश है। उन्होंने कहा

कि चेस्टर हिल मामला बहुत गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच के लिए मुख्य सचिव को तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए। संजय चौहान ने आरोप लगाया कि संजय गुप्ता ने पंजाब में कम दामों में जमीन खरीदी है जिसकी वर्तमान में 3 सौ करोड़ रुपए मार्केट वैल्यू है।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकाय चुनावों में पार्टी विचारधारा से जुड़े लोगों को आगे आने का मौका दिया जाएगा। आज शिमला में उन्होंने कहा कि इन चुनावों के लिए युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों पर किये गए मंथन की जानकारी देते हुए विनय कुमार ने कहा कि सभी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिये बहुमूल्य सुझाव दिए हैं।

---